वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :2 अंक : 358 गुरुवार 27 अप्रैल 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

## राजस्थान में 10 से ज्यादा जिलों में अंधड़-बारिश की चेतावनी



### बारां में ओले; राजसमंद में बिजली गिरने से 1 मौत; 30 तक मौसम रहेगा खराब

**जयपुर. कासं।** राजस्थान में मौसम फिर से बिगड़ गया। कोटा, अजमेर, जयपुर और उदयपुर संभाग के जिलों में इसका असर दिखा। आंधी चलने के साथ हल्की बारिश हुई। बारां जिले में तेज बारिश के साथ ओले भी गिरे। वहीं, राजसमंद के आमेट में बिजली गिरने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। इधर, झालावाड़ में बिजली गिरने से एक युवक गंभीर घायल हो गया, जिसका इलाज हॉस्पिटल में जारी है। मौसम केंद्र जयपुर ने जयपुर ,नागौर ,जालोर, पाली समेत 10 से ज्यादा जिलों में 30-40 किलोमीटर स्पीड से तेज हवाएं चलने और बारिश होने का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक बुधवार दोपहर 4 बजे के बाद भीलवाड़ा, कोटा, जैसलमेर, चित्तौड़गढ़, बारां, बूंदी, झालावाड़, उदयपुर समेत कई जिलों में मौसम में बदलाव हुआ। तेज स्पीड से धूलभरी आंधी चली। बारां के छबड़ा व सकतपुर क्षेत्र में बुधवार शाम को तेज हवा के साथ बारिश हुई। करीब आधे घंटे तक बारिश के साथ आसपास के कई गांवों में चने के आकार के ओले भी गिरे। ओले गिरने का सिलसिला लगभग 5 से 7 मिनट तक जारी रहा। राजसमंद जिले के आमेट के पास आगरिया पंचायत की आगरा का वाड़ा क्षेत्र में आकाशीय बिजली गिरने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। शाम को अचानक 5 बजे तेज हवाओं के साथ मौसम बदलने लगा। तेज बारिश के दौरान बिजली गिरी और बकरियां चरा कर अपने घर की तरफ लौट रहे लालूराम मारवाड़ा इसकी चपेट में आ गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। झालावाड़ जिले के पनवाड़ में आकाशीय बिजली गिरने से एक युवक घायल हो गया।

# 500 रुपए में गैस सिलेंडर योजना इंदिरा गांधी के नाम

### सस्ते सिलेंडर के लिए दो दिन में 6.23 लाख परिवार रजिस्टर्ड

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

गहलोत सरकार ने 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने की योजना का नाम बदलने का फैसला किया है। अब इसका नाम इंदिरा गांधी गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना कर दिया गया है। मुख्य सचिव की समीक्षा बैठक में सीएम के सचिव गौरव गोयल ने बताया कि मुख्यमंत्री के आदेश के बाद योजना का नाम इंदिरा गांधी के नाम पर किया है। मुख्य सचिव उषा शर्मा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए वरिष्ठ अफसरों और कलेक्टरों से महंगाई राहत कैंप का फीडबैक लिया। बैठक में सीएम के सचिव ने बताया कि महंगाई राहत के लाभार्थियों को हेल्पलाइन 181 के जरिए फोन करके फीडबैक लिया जा रहा है। इसके अलावा 'कैंप लोकेटर' के रूप में नई सुविधा शुरू की जाएगी, जिसमें अपना जनाधार नंबर मैसेज करने पर लाभार्थी को उसके आसपास लगाए जा रहे महंगाई राहत कैंप की जानकारी एसएमएस के जरिए मिल जाएगी।

<u>दो दिन में 6.23 लाख परिवार रजिस्टर्ड:</u> महंगाई राहत कैम्प में इंदिरा गांधी गैस सिलेण्डर सब्सिडी योजना के लिए दो दिन में 6 लाख 23 हजार



191 परिवारों का रजिस्ट्रेशन हुआ है। इस योजना में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना में रजिस्टर्ड और बीपीएल कार्ड धारक 76 लाख परिवारों को 500 रुपए में गैस सिलेण्डर दिए जा रहे हैं। गैस सिलेंडर का पैसा जनाधार से लिंक बैंक खाते में जमा करवाया जाएगा।

### ब्लैकस्पोट्स के सुधार के लिए एक दिवसीय कार्यशाला

# राज्य की सड़कों को दुर्घटना रहित बनाने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य करेंगे विभागीय अधिकारी और अभियंता

**जयपुर. शाबाश इंडिया**



सार्वजनिक निर्माण विभाग की प्रदेश की सड़कों को दुर्घटना रहित करने हेतु ब्लैकस्पॉट्स के सुधार के लिए बुधवार को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, यातायात विजय कुमार सिंह, अतिरिक्त सचिव और मुख्य अभियंता सानिवि संजीव माथुर और मुख्य अभियंता एनएच डी.आर. मेघवाल, ज्वाइंट कमिश्नर परिवहन एवं नोडल ऑफिसर राजस्थान रोड सेफ्टी सेल निधि सिंह और अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहें। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, यातायात विजय कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत राज्य की सड़कों को सुरक्षित बनाने के लिए अति गंभीर है इसलिए राज्य के सभी संबंधित अधिकारियों का अहम कर्तव्य है कि सुरक्षित सड़कों का निर्माण सुनिश्चित हो। उन्होंने कार्यशाला में आए अधिकारियों और अभियंताओं को कहा कि राज्य की सड़कों पर अवैध डिवाइडर एवं पार्किंग और सड़कों पर पशुओं के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए विशेष प्रयासों की जरूरत है। सिंह ने कहा कि सड़कों पर स्पीड लिमिट के बोर्ड उचित स्थानों पर लगाए जाए जो वाहन चालकों को स्पष्ट रूप से दिखाई दे। उन्होंने कहा कि यातायात पुलिस भी आधुनिक इंटरसेप्टर वाहनों के जरिए स्पीड लिमिट के उल्लघंन पर जुर्माना भी लिया जा रहा है। जिससे इन मामलों में कमी आ रही है।

# जेएसजी जनक संगिनी का शपथ समारोह संपन्न



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जेएसजी जनक संगिनी का शपथ समारोह मंगलवार 25 अप्रैल 2023 को पद्मिनी रिसोर्ट अजमेर में आयोजित किया दीप प्रज्वलन समाज सेविका ममता सोगनी ( जापानवाले )एवं महेंद्र सिंघवी चेयरमैन नॉर्दन रीजन ने कर समारोह का शुभारंभ किया।शपथ ग्रहण समारोह में अध्यक्ष कविता जैन एवं सचिव निधि जैन को शपथ नॉर्दर्नरीजन के चेयरमैन महेन्द्रजी सिंघवी ने दिलायी एवं सभी कमेटी मेम्बर्स को नॉर्दन रीजन की कन्वेनर श्वेता लूणाबत जी के द्वारा शपथ दिलायी । श्रीमती मंजु सिंघवी ने प्रेसिडेंट,सचिव कोषाध्यक्ष वाईस प्रेसिडेंट ,ज्वाइंट सेक्रेटरी सभी को बैच लगाकर कर पद स्थापित किया । समारोह में अतिथि संजय अनुपमा पाण्डया , जनक संरक्षक विमलेश राणा, नवीन जैन एवं जनक प्रेसिडेंट रश्मि जैन एवं आमंत्रित पदाधिकारी एवं गणमान्य उपस्थित थे। मीनाक्षी सौगानी कार्यक्रम की संयोजक थी। डंपिंगयार्ड ,नारेली में कि दर्शन कर के सभी ने स्वादिष्ट खाना खाया ओर पद्मिनी रिसोर्ट का आनन्द लिया। सभी ग्रुप मेंबर्स को आकर्षित उपहार दिए गए और सभी ने पूल पार्टी खूब एंजॉय किया।

# दुगार्पुरा जैन मंदिर में अर्हं ध्यान योग शिविर आयोजित



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** दुर्गापुरा स्थित जैन मंदिर में अर्हं ध्यान योग शिविर सुश्री तनु जी गोदिका (अंतरप्पा) द्वारा करवाया गया । इस अवसर पर उन्होंने बताया कि अपने शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक, सामाजिक, आध्यात्मिक स्वस्थता में अभिवृद्धि हेतु अर्हं ध्यान योग का विशेष महत्व है । स्वास्थ्य के अलावा जीवन में किसी का महत्व नहीं है अतः सभी को समय निकाल कर सभी को नित्य अर्हं ध्यान योग अपनाना चाहिए। अर्हं योग को वैश्विक शांति का मार्ग बताया । श्रीमती पुष्पा सोगानी की पहल एवं प्रयास से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया । अर्हम योग मुनिराज प्रणम्य सागर जी की देन है। इस अवसर पर भागचंद जैन मित्रपुरा, सुनील काला, भागचंद पाटनी, अशोक कासलीवाल, राजेंद्र काला, चंद्रसेन पाटनी, रमेश छाबड़ा, रानी सोगानी, रेखा पाटनी, विमला पांड्या, मनोरमा जैन, कांता बडजात्या, संजना छाबड़ा आदि ने इस कार्यक्रम का लाभ उठाया ।




**मोनिका बड़जात्या**

को जन्मदिन की

**हार्दिक शुभकामनाएं**

(स्वर्गीय पदम चन्द,चंचल देवी) ( नवीन, विनीता ) ( कमल, मधु ) (राकेश, सरोज ) (मनीष, नीरज ) ( नवीन मीनाक्षी) (राहुल ) (रोहित, कीर्ति) वैभव, अर्चित, विविधा, नेहल, आदित्य, कीर्तिका, हार्दिक, गहना, इशिता, दविश, मानवी, अनिका, दक्ष, दीक्षा एवं समस्त बड़जात्या परिवार नसीराबाद

26-4-2023



**मोहित प्रकाश बड़जात्या**

को वैवाहिक वर्षगांठ की

**हार्दिक शुभकामनाएं**

(स्वर्गीय पदम चन्द,चंचल देवी) ( नवीन, विनीता ) ( कमल, मधु ) (राकेश, सरोज ) (मनीष, नीरज ) ( नवीन मीनाक्षी) (राहुल, मोनिका ) (रोहित, कीर्ति) वैभव, अर्चित, विविधा, नेहल, आदित्य, कीर्तिका, हार्दिक, गहना, इशिता, दविश, मानवी, अनिका, दक्ष, दीक्षा एवं समस्त बड़जात्या परिवार नसीराबाद



# प्रीटी वूमेन क्लब का भव्य शुभारंभ



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** शहर की महिलाओं के मनोरंजन को ध्यान में रखते हुए श्रीमती आभा जैन, श्रीमती शिल्पा जैन और उनकी पूरी टीम ने प्रीटी वूमेन क्लब प्रारंभ किया है जिसका मुख्य उद्देश्य उनसे जुड़ी हुई सभी महिलाओं को मनोरंजन, धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम में तहे दिल से जोड़ना है। क्लब के पहले कार्यक्रम का शुभारंभ होटल क्लिक इन, अजमेर रोड में किया। कार्यकारिणी में श्रीमती आभा जैन अध्यक्ष, श्रीमती ज्योति जैन उपाध्यक्ष, श्रीमती शिल्पा जैन सचिव, श्रीमती निधि पाटनी कोषाध्यक्ष, श्रीमती रुचि जैन उप सचिव, श्रीमती प्रीति जैन संयुक्त कोषाध्यक्ष, श्रीमती रीना जैन चीफ कोऑर्डिनेटर, श्रीमती अमिता जैन इवेंट हेड और श्रीमती आशा शाह को एडवाइजर मनोनीत किया गया है। उपरोक्त कार्यक्रम में सभी सदस्यों को तिलक और माला पहनाकर स्वागत किया। उसके बाद सभी महिला सदस्यों को स्टेज पर बुलाकर सैश और ग्रुप का लोगो लगाकर, उन सभी को गिफ्ट देकर उनका स्वागत और सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती ममता सोगानी निदेशक हाइवा हेवन रिजॉर्ट और सोगानी ज्वेलर्स की निदेशक थी। उन्होंने कार्यक्रम में दीप प्रज्वल्लन किया। कार्यक्रम में एंकरिंग श्रीमती शिखा जैन ने की। तत्पश्चात सभी पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों ने पहले कार्यक्रम में मुख्य अतिथि से शपथ ली।

# तपोस्थली बोलखेड़ा साधक की साधना के लिए स्वर्ग के सुख के समान है : आचार्य वसुनंदी महाराज

## लोकार्पण समारोह का भव्य हुआ आयोजन अथितियों का किया सम्मान



बोलखेड़ा. शाबाश इंडिया

धन उपार्जन तो सभी करते हैं किंतु विवेकी व्यक्ति ही धन उपार्जन का सदुपयोग धर्म की क्रिया में कर पुण्य का संचय करता है जबकि अविवेकी व्यक्ति धन से मौज, मस्ती, व्यसन आदि क्रियाओं में मस्त रहता है और पापाचार के कार्यों में लिप्त रहकर जीवन यापन को ही सुखी समझता है जबकि वह भ्रमित रहता है वास्तविक सुख परकल्याण,जीव दया,व स्वयं के कल्याण में निहित रहता है उक्त उद्बोधन दिगंबर जैन आचार्य वसुनंदी महाराज ने जम्बू स्वामी तपोस्थली बोलखेड़ा पर भव्य लोकार्पण समारोह में व्यक्त किए। आचार्य ने कहा कि जो सुख स्वर्ग में प्राप्त होते हैं वही सुख एक साधक को तपोस्थली बोलखेड़ा में तप साधना में प्राप्त होते हैं। तपोस्थली के प्रचार प्रभारी संजय जैन बड़जात्या के अनुसार मुख्य कार्यक्रम का प्रारंभ दोपहर बाद विपिन जैन मेरठ, देवेंद्र जैन डिप्टी सेक्रेटरी आपदा प्रबंधन जयपुर, राजेंद्र जैन ग्रीन पार्क,ऋषभ जैन मथुरा,विनोद जैन मिलेनियम फिरोजाबाद द्वारा पंडित मनोज शास्त्री के निर्देशन में किया गया।इस अवसर पर आर्यिका वर्धस्व नंदनी माताजी ने कहा कि मानव को हंस की भांति व्यवहार करना चाहिए न कि कौआ की भांति।

### मुख्य द्वार व अनामृत भोजनशाला का हुआ लोकार्पण

तपोस्थली पर निर्मित नवीन मुख्य द्वार का लोकार्पण द्वार के पुण्यार्जक परिवार ऋषभ जैन ज्वेलर्स मथुरा द्वारा किया गया तो वही भोजनशाला का लोकार्पण पुण्यार्जक परिवार विनोद जैन मिलेनियम फिरोजाबाद द्वारा आचार्य श्री के सानिध्य में कर क्षेत्र को समर्पित किया गया। इस अवसर पर मेरठ समाज द्वारा नव देवता निलय का लोकार्पण भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान पाद प्रक्षालन करने का सौभाग्य अजय जैन अंजली जैन हरदुआगंज,मुख्य शास्त्र भेंट राजकमल जैन अनिता जैन सरावगी ग्रीन पार्क दिल्ली को प्राप्त हुआ तो संजीव जैन मयूर विहार द्वारा पानी की नवीन टँकी निर्माण की घोषणा की।

### समाज रत्न व समाज गौरव उपाधि से नवाजा

कार्यक्रम के दौरान तपोस्थली पर विशेष सहयोग प्रदान करने के कारण विनोद जैन मिलेनियम को समाज गौरव एवं ऋषभ जैन मथुरा को समाज रत्न की उपाधि से क्षेत्र की समिति के अध्यक्ष रमेश चंद गर्ग जैन,महामंत्री अरुण जैन बंटी, कोषाध्यक्ष किशोर जैन,प्रचार प्रभारी संजय जैन बड़जात्या,सागर चन्द दिल्ली, पवन जैन उत्तमनगर द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में दिल्ली, मेरठ फिरोजाबाद,मथुरा,अलीगढ़ कोसीकला, पलवल, फरीदाबाद, सीकरी,कामा डीग, जुरहरा,नगीना, फिरोजपुर झिरका, तिजारा, पुनहाना,आदि से जैन समाज के पदाधिकारी व महिलाएं उपस्थित रही।

जोग निरोध अघाति घाति लहि.....

# भगवान अभिनन्दन नाथ के जयकारों से गूंज उठे जिनालय



## मनाया जैन धर्म के चौथे तीर्थंकर भगवान अभिनन्दन नाथ का गर्भ व मोक्ष कल्याणक

जयपुर. शाबाश इंडिया

जैन धर्म के चौथे तीर्थंकर भगवान अभिनन्दन नाथ का गर्भ व मोक्ष कल्याणक दिवस बुधवार, 26 अप्रैल को भक्ति भाव से मनाया गया। इस मौके पर शहर के दिगम्बर जैन मंदिरों में पूजा अर्चना के विशेष आयोजन किये गये। मोक्ष का प्रतीक निर्वाण लाडू चढाया गया । अभादिजैन परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद जैन 'कोटखावदा' के अनुसार इस मौके पर मंदिरों में प्रातः भगवान अभिनन्दननाथ के अभिषेक, शांतिधारा के बाद पूजा अर्चना की गई ।पूजा के दौरान गर्भ कल्याणक श्लोक का उच्चारण करते हुए अर्घ्य चढ़ाया गया। तत्पश्चात निर्वाण काण्ड भाषा का वाचन कर मोक्ष कल्याणक श्लोक जोगनिरोध अघातिघाति लहि, गिरिसमेदतै मोख। माससकल सुखराश कहे,वैशाखशुकल छठ चोख। चतुरनिकाय आत तित कीनो,भगतभाव उमगाय।हम पूजै इत अरघ लेय जिमि,विघनसघन मिट जाय।।" का उच्चारण कर मंत्रोच्चार के साथ निर्वाण लाडू व अर्घ्य चढाया गया ।भगवान अभिनन्दननाथ की महाआरती के बाद समापन हुआ। जैन के मुताबिक शांतिनाथ जी की खोह स्थित श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर अतिशय क्षेत्र में मोक्ष का प्रतीक निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। तत्पश्चात महाआरती में श्रद्धालु झूम उठे।इस मौके पर समाजसेवी विनोद जैन कोटखावदा, मनोज सोगानी,कमल वैद, राजेश वैद,संगिनी फारम जेएसजी मेट्रो की संस्थापक अध्यक्ष दीपिका जैन कोटखावदा, मंजू वैद सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। आगरा रोड पर श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र चूलगिरी, मोती सिंह भोमियो का रास्ता स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर चौबीस महाराज तथा सांगानेर के संघीजी दिगम्बर जैन मंदिर सहित अन्य मंदिरों में विशेष धार्मिक आयोजन हुए।

# सखी गुलाबी नगरी ने किया पाठशाला व कच्ची बस्ती में सामाजिक कार्य




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** सखी गुलाबी नगरी द्वारा सामाजिक कार्यक्रम के तहत दिनांक 26 अप्रैल 2023, को शिप्रा पथ मानसरोवर, कपिल ज्ञानपीठ के पास, कच्ची बस्ती के बच्चों की पाठशाला के बच्चों को फल, बिस्कुट, खिलौने व स्टेशनरी सामान के वितरण का कार्यक्रम किया गया। अध्यक्ष सारिका जैन ने बताया कि इस पाठशाला में कच्ची बस्ती के बच्चो का शारीरिक विकास और सामान्य ज्ञान की शिक्षा व अन्य सभी विषयों का भी अध्यन कराया जाता है। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यक्रम संयोजक रानी पाटनी,कार्यकारिणी सदस्य सरोज जैन व सदस्य प्रभा जैन और अर्चना जैन भी उपस्थित थी।इस सामाजिक कार्य के सहयोग कर्ता सखी सदस्या प्रभा पदम पाटनी थे।

## वेद ज्ञान

### हर जगह शांति का अभाव

विश्व में यद्यपि धन का अभाव नहीं है, किंतु शांति का अभाव अवश्य है। धनोपार्जन के लिए इतनी अधिक जनशक्ति को दिग्भ्रमित किया जा रहा है कि सामान्य जनता की रुपए कमाने की क्षमता अधिकाधिक बढ़ गई है, किंतु इसका दीर्घकालीन परिणाम यह हुआ है कि इस अनियंत्रित और अन्यायपूर्ण मुद्रास्फीति से पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था बिगड़ गई है और उसने ऐसे सस्ते धनोपार्जन के फल को ही नष्ट करने के लिए हमें बड़े-बड़े भारी लागत के शस्त्रास्त्र बनाने के लिए उकसाया है। धनोपार्जन करने वाले बड़े देशों के नेता लोग वास्तव में शांति का अनुभव नहीं कर रहे हैं, बल्कि आणविक अस्त्रों के द्वारा आसन्न विनाश से अपनी सुरक्षा की योजनाएं बना रहे हैं। वस्तुतः इन भयंकर अस्त्रों के परीक्षण के रूप में विपुल धन-राशि समुद्र में फेंकी जा रही है। ऐसे परीक्षण न केवल भारी आर्थिक लागत पर किए जा रहे हैं, बल्कि अनेक प्राणियों के जीवन को संकट में डालकर भी हो रहे हैं। इस प्रकार विश्व के राष्ट्र कर्मफल के नियमों से बंधते जा रहे हैं। जब लोग इंद्रियतृप्ति की भावना से प्रेरित होते हैं तो जो भी धन कमाया जाता है वह नष्ट हो जाता है, क्योंकि उसका व्यय मानव जाति के संहार के लिए होता है। इस प्रकार मनुष्य के भगवान से विमुख होने के कारण मानवजाति की शक्ति नष्ट हो जाती है। ऐसा इसलिए, क्योंकि श्रीभगवान ही समस्त शक्तियों के स्वामी हैं। धन-संपदा की पूजा होती है उसे भाग्य की देवी या मां लक्ष्मी कहा जाता है। कोई भी मनुष्य भाग्यलक्ष्मी का उपभोग श्रीनारायण की सेवा के बगैर नहीं कर सकता। इसलिए जो व्यक्ति लक्ष्मीजी का गलत उपयोग करना चाहेगा, उसे प्रकृति के नियमों द्वारा दंडित होना पड़ेगा। ये नियम निश्चित करेंगे कि धन-संपदा स्वयं शांति और संपन्नता लाने के बजाय विनाश का कारण बन जाएगी। इसलिए धन के इस्तेमाल के प्रति हमें अपने विवेक का परिचय देना चाहिए और यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि जो भी धन है उसका मानव कल्याण के लिए सदुपयोग हो। अगर धन के इस्तेमाल के प्रति हमारे मन के भीतर भोग की भावना होगी तो उस धन का अपव्यय ही होगा और हमारा अपना आंतरिक नुकसान भी होगा। धन का सदुपयोग ही हमारे भीतर शांति और वास्तविक सुख लाता है।

## संपादकीय

# लोकसेवकों की जिम्मेदारी सबसे अहम...

जनतंत्र में लोकसेवकों की जिम्मेदारी सबसे अहम मानी जाती है। इसलिए कि यही विधायिका के निर्णयों को क्रियान्वित करते, योजनाओं को उनके लक्ष्य तक पहुंचाने में मदद और सार्वजनिक धन का समुचित उपयोग सुनिश्चित करते हैं। इसलिए लोकसेवा दिवस पर प्रधानमंत्री ने लोकसेवकों से अपील की कि वे राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका को विस्तार दें। वे हर फैसले से पहले इन सवालों के बारे में जरूर सोचें कि सत्ता में बैठी राजनीतिक पार्टियां सरकारी धन का इस्तेमाल देश के विकास में कर रही हैं, अपने दल के विस्तार में या वोट बैंक बनाने के प्रयास में वे उसे लुटा रही हैं। जाहिर है, उनका इशारा उन सरकारों की तरफ था, जो मुफ्त की सेवाएं और सुविधाएं देकर अपना जनाधार बढ़ाने का प्रयास करती देखी जाती हैं। यह प्रवृत्ति पिछले कुछ सालों में तेजी से बढ़ी है। अब चुनावों में हर राजनीतिक दल बिजली, पानी, स्वास्थ्य सुविधाएं आदि मुफ्त में उपलब्ध कराने के बढ़-चढ़ कर दावे करता देखा जाता है। कई राज्यों में इस पर अमल भी हो रहा है। यह काम वे सरकारें भी कर रही हैं, जो खासे वित्तीय संकट से गुजर रही हैं। मगर सवाल है कि क्या प्रशासनिक अधिकारियों की सतर्कता से यह प्रवृत्ति वास्तव में रुक जाएगी। सरकारी धन के दुरुपयोग की एक लंबी शृंखला है। उसमें अनाप-शनाप खर्चे भी शामिल हैं। अनेक बार रेखांकित किया जा चुका है कि राजनेताओं को दिखावे और तड़क-भड़क वाला जीवन जीने से परहेज करना चाहिए। उन्हें अपने खर्चों को सीमित करने पर ध्यान देना चाहिए। मगर चुनाव खर्च से लेकर निजी जीवन तक उनके खर्चे में कहीं भी कोई कमी नजर नहीं आती। यही बात प्रशासनिक अधिकारियों के मामले में देखी जाती है। इस तरह सरकारी खजाने का बड़ा हिस्सा जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों की सुविधाएं जुटाने पर खर्च हो जाता है। फिर लोकलुभावन योजनाओं की घोषणा इसी मकसद से की जाती है कि लोग अगले चुनाव में भी उन्हें ही चुन कर सत्ता तक पहुंचाएंगे। हर चुनावी वर्ष में लुभावनी योजनाओं की झड़ी-सी लग जाती है। इस मामले में कोई भी राजनीतिक दल पीछे नहीं है। फिर तर्क दिए जाते हैं कि जन कल्याण के लिए योजनाएं शुरू करना या पुरानी योजनाओं को विस्तार देना, उनके मद में धन का आबंटन बढ़ाना एक कल्याणकारी सरकार का दायित्व है। ऐसे में प्रशासनिक अधिकारियों के लिए सत्ता पक्ष का हाथ रोकना आसान नहीं होता। फिर सवाल लोकसेवकों यानी प्रशासनिक अधिकारियों की जवाबदेही का भी है। वे खुद कितने निष्ठावान रह गए हैं, इस पर प्रश्नचिह्न लगातार गाढ़ा ही होता गया है। छिपी बात नहीं है कि हर सत्ता पक्ष प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस का इस्तेमाल अपने मन मुताबिक करने का प्रयास करता है। इसीलिए जब भी सरकार बदलती है, तो बड़े पैमाने पर अधिकारियों के तबादले किए जाते हैं। अगर कोई अधिकारी वास्तव में सरकार के कामकाज पर अंगुली उठाने का प्रयास करता है, तो तबादलों और मुकदमों के चक्र में ऐसा फंसाया जाता है कि वह अपना काम ठीक से कर ही नहीं पाता।



**-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# सुरक्षा...

दिल्ली के साकेत स्थित अदालत परिसर में जिस तरह सरेआम गोलीबारी की घटना हुई, उससे एक बार फिर राजधानी और खासकर न्यायालयों के दायरे में सुरक्षा-तंत्र की हकीकत का ही पता चलता है। हालांकि दिल्ली में हर स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था के चाक-चौबंद रहने और उसमें किसी भी मोर्चे पर कोताही न बरतने के दावे अक्सर किए जाते रहते हैं। लेकिन आए दिन बाकी जगहों के अलावा संवेदनशील परिसरों के भीतर भी जैसी हिंसा के वाकये सामने आते हैं, उससे यही लगता है कि जमीनी स्तर पर सुरक्षा-व्यवस्था की रणनीति में अभी बड़ी खामियां मौजूद हैं। शुक्रवार को साकेत अदालत परिसर में एक महिला पर निलंबित वकील ने वहां मौजूद बहुत सारे लोगों के बीच गोलियां चलानी शुरू कर दी और फरार भी हो गया। बाद में उसे गिरफ्तार किया जा सका। गनीमत थी कि गोली लगने के बावजूद महिला की जान किसी तरह बच गई। खबरों के मुताबिक इस हमले के पीछे पच्चीस लाख रुपए की लेनदेन से जुड़ा विवाद है, जिसे लेकर पुलिस के पास भी मामले दर्ज हैं। महिला उसी सिलसिले में अदालत में गवाही के लिए पहुंची थी। देश की राजधानी होने के नाते उम्मीद की जाती है कि दिल्ली में बाकी जगहों के मुकाबले सुरक्षा के इंतजाम ज्यादा बेहतर होंगे और किसी व्यक्ति के लिए अपनी आपराधिक मंशा पूरी करना इतना आसान नहीं होगा। उसमें भी अदालत जैसी संवेदनशील जगह पर सुरक्षा-व्यवस्था के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करने की अपेक्षा की जाती है। अन्य अदालतों की तरह साकेत परिसर में बहुस्तरीय सुरक्षा इंतजामों की व्यवस्था की गई है। अदालत में प्रवेश के लिए बने दरवाजों पर जांच के लिए सीसीटीवी कैमरों से लेकर मेटल डिटेक्टर सहित अन्य उपाय मौजूद हैं। लेकिन हैरानी की बात है कि इसके बावजूद एक व्यक्ति पिस्तौल जैसा घातक हथियार लेकर परिसर के भीतर प्रवेश कर गया और सरेआम उसने हत्या का प्रयास किया। सवाल है कि सुरक्षा में इतने बड़े स्तर पर चूक हुई, तो इसके क्या कारण हैं और इसके लिए किसकी जिम्मेदारी तय की जाएगी। इस घटना के बाद आई खबरों में यह बताया गया कि कई बार कुछ वकील अदालत में प्रवेश करते हुए अपनी जांच कराने से मना कर देते हैं। यों सुरक्षा जांच से मना करने का कोई कारण नहीं होना चाहिए। लेकिन वहां इस काम के लिए मौजूद संबंधित टीमें या लोग क्या ऐसी आपत्तियों को स्वीकार कर लेते हैं? या फिर वे अन्य स्तर पर भी लापरवाही बरतते हैं? दिल्ली की किसी अदालत में गोलीबारी की ताजा घटना इस तरह का कोई पहला वाकया नहीं है। इससे पहले रोहिणी स्थित अदालत के भीतर सुनवाई कक्ष तक में गोलीबारी और हत्या की घटना सामने आ चुकी है। ऐसे हर मामले के बाद यही लगता है कि पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था को चौकस बनाने के वादों का पूरी तरह हकीकत में बदलना अभी बाकी है। बल्कि सच यह है कि दिल्ली में होने वाली आपराधिक घटनाओं के अलावा अदालत परिसरों में आए दिन होने वाली ऐसी वारदात सुरक्षा संबंधी चिंता पैदा करती है। मुश्किल यह है कि दिल्ली में पुलिस का समूचा तंत्र अपने कामकाज में ऐसा असर पैदा करने में शायद नाकाम रहा है, जो किसी आपराधिक मानस वाले व्यक्ति के भीतर किसी अपराध को अंजाम देने से पहले खौफ पैदा करे। सुरक्षा इंतजामों और जांच में कोताही से लेकर अपनी मौजूदगी के बेअसर होने के हालात में अपराधों पर काबू पाने की उम्मीद कैसे की जा सकती है!




# दुर्गापुरा में भगवान अभिनंदन जी का मोक्ष कल्याणक मनाया



जयपुर. शाबाश इंडिया। श्री दिगम्बर जैन मंदिर चन्द्रप्रभु जी दुर्गापुरा में भगवान अभिनंदन जी के मोक्ष कल्याणक दिवस पर श्रद्धालुओं ने निर्वाण लाडू चढ़ाया। राजेंद्र काला मंत्री दुर्गापुरा मंदिर ने बताया कि तनु दीदी ने अर्हम ध्यान योग करवा कर समाज बन्धुओं को लाभान्वित किया।






# जैन मुनि श्री ब्रह्मानन्द सागर शिक्षण एवं संस्कार शिविर प्रारंभ



## जैन समाज ने भव्य शोभायात्रा निकाली

**सौरभ जैन. शाबाश इंडिया।**

पिड़ावा। सकल दिगंबर जैन समाज के तत्वावधान में नो दिवसीय ब्रह्मानन्द सागर शिक्षण एवं संस्कार शिविर का बुधवार को उद्घाटन श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन जुना मंदिर नवीन जिनालय में किया गया। जैन समाज प्रवक्ता मुकेश जैन चेलावत ने बताया कि श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन जुना मंदिर नवीन जिनालय खंडपुरा में आचार्य 108 श्री सुव्रत सागर महाराज व क्षुल्लक 105 नैगम सागर महाराज के सानिध्य में व बाल ब्रह्मचारी संजय भैया पठारी के कूशल नेतृत्व में आत्म कल्याणार्थ, ज्ञानार्जक एवं पूण्य वर्धक शिविर का विधिवत रूप से उद्घाटन किया गया।

# जैन मिलन सेंट्रल एवं महिला जैन मिलन की नवीन कार्यकारिणी का शपथ विधि समारोह आयोजित

**अशोकनगर. शाबाश इंडिया**

जैन मिलन सेंट्रल एवं महिला जैन मिलन की नवीन कार्यकारिणी का शपथ विधि समारोह वर्धमान धर्मशाला मे आयोजित किया गया इसमें नवीन पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन एवं महावीर प्रार्थना के पश्चात स्वागत भाषण हुआ। गत सत्र के कार्यो की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई।संस्था के सत्र 2023-24 के लिए जैन मिलन सेंट्रल के अध्यक्ष जितेंद्र जैन शिक्षक,तत्काल पूर्व अध्यक्ष सचिन जैन बारी, कार्यकारी अध्यक्ष अजित जैन एल.आई. सी., उपाध्यक्ष रोहित लालु, सुनील रिलायंस एवं राकेश बाबा,मंत्री विपिन बाँझल सहमंत्री महावीर बड़कुल ,कार्यक्रम मुख्य संयोजक डॉ. पारस जैन, ऑडिटर संजय चौधरी को बनाया गया है, उन्हें मुख्य अतिथि जैन समाज के अध्यक्ष रमेश चौधरी द्वारा शपथ दिलाई गई।समारोह में भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुभाष जैन केंची बीड़ी ने महिला जैन मिलन की अध्यक्ष दीप्ति जैन कांसल, तत्काल पूर्व अध्यक्ष शैलजा खैरा, उपाध्यक्ष प्रीति पाली एवं संजू सिंघई,मंत्री श्वेता भोपाली, सहमंत्री रानी छाया एवं रानी बारी, कोषाध्यक्ष अंजू बाँझल, सह कोषाध्यक्ष रक्षा सिंघई को शपथ दिलाई। क्षेत्रीय अध्यक्ष नरेश जैन ने महिला जैन मिलन की चार नई सदस्याओं को शपथ दिलाई। राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री महेंद्र कडेसरा एवं आनंद गांधी,राष्ट्रीय संयोजक प्रमोद छाया, राजेश तारई,हर्षिता जैन, रानी गांधी भी कार्यक्रम में विशेष




रूप से उपस्थित थी। क्षेत्रीय अध्यक्ष नरेश जैन ने सम्बोधित करते हुये नवीन कार्यकारिणी को बधाई दी। कहा कि विगत सत्र में आपने सेवाकार्यो के माध्यम से अपनी अलग पहचान बनाई है हम सदैव आपके साथ है।अपने सार गर्वित उदबोधन में सुभाष जैन केंची ने कहा कि सभी सदस्यों के सहयोग एवं सक्रियता से ही सँस्था प्रगति कर पीड़ित मानवता की सेवा के कार्यों में अग्रणी बन सकती है हम सभी वरिष्ठ पदाधिकारी सदैव आपके मार्गदर्शन एवं सहयोग हेतु तत्पर हैं।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रमेश चौधरी जैन ने कहा कि जैन मिलन सेंट्रल एवं महिला जैन मिलन सदैव समाज के कार्यों में सहयोग करते रहते है। सेवा कार्यों से इनकी अलग पहचान बनी है।सदैव अपने कार्यों से समाज का नाम रोशन करें आपके कार्यों में हमारा पूर्ण सहयोग रहेगा।संचालन महेंद्र कडेसरा ने किया। आभार अजीत जैन ने व्यक्त किया।






# महावीर इंटरनेशनल ग्रेटर जयपुर द्वारा साधारण सभा व 101 परिंडा वितरित




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** महावीर इंटरनेशनल ग्रेटर जयपुर द्वारा दिनांक 25 अप्रैल को रात्री 8 बजे से महावीर भवन, जनता कॉलोनी में साधारण सभा की बैठक आयोजित की गई । अध्यक्ष जे के जैन ने बताया की सचिव राजेश बड़जात्या ने अप्रैल माह में किये गये कार्यक्रमों पर विस्तृत रिपोर्ट सुनायी, फल व बर्तन वितरण कार्यक्रम के शानदार आयोजन के लिये संयोजक परेश पाटनी को धन्यवाद प्रेषित किया गया एवं सभी सदस्यों ने तालियां बजाकर उनका उत्साह वर्धन किया । सभा में आगामी कार्यक्रमों के लिए सारगर्भित चर्चा की गई। सभा में गर्मी के प्रकोप को देखते हुए मूक पक्षियों के लिए पीने के पानी हेतु उपस्थित सदस्यों को परिंडा वितरित किए गए तथा सभी से निवेदन किया गया परिंडे ऐसे स्थान पर लगाया जाए जहाँ आप प्रतिदिन उसमें पानी भर सके। कोषाध्यक्ष धनु कुमार जैन ने बताया कि सभा महावीर प्रार्थना से प्रारंभ की गई व समापन राष्ट्रीय गीत से किया गया। सभा में संरक्षक महेंद्र कुमार पाटनी, उपाध्यक्ष डॉक्टर राजेंद्र कुमार जैन, संघटन मंत्री डॉक्टर ज्ञान चंद सोगानी, निदेशक विपिन बज, अनिल दीवान, गिरीश जैन, अजय शाह, इंदु जैन, सीमा बड़जात्या आदि सदस्यों ने अपने समाज उपयोगी, मानव सेवार्थ, विचार रखे। सभी पधारे सदस्यों का धन्यवाद व आभार सह सचिव सुनील बज ने किया तथा अल्पाहार के पश्चात कार्यक्रम समाप्त किया गया ।



27 अप्रैल

श्री महावीर जी
श्रीमती शकुंतला जी बिन्दायका
को वैवाहिक वर्षगांठ की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

शुभेच्छु: चंपा देवी जैन, लवेश -प्रिया, हिमांशु-रिक्की, सवर्ण-मनीष, स्वाति-नरेंद्र, सुशीला गंगवाल, रिहंक्षी, नक्षंद्रा, धवी, प्राची, सांची, देवरशी, हर्ष समस्त बिन्दायका परिवार मित्रपुरा वाले



सखी गुलाबी नगरी
Happy Anniversary
26 अप्रैल
श्रीमति निशा-कमलेश कुमार छाबड़ा
को वैवाहिक वर्षगांठ की
हार्दिक बधाई
सारिका जैन: अध्यक्ष स्वाति जैन: सचिव



सखी गुलाबी नगरी
Happy Anniversary
26 अप्रैल
श्रीमति निकिता-तनुज जैन
को वैवाहिक वर्षगांठ की
हार्दिक बधाई
सारिका जैन: अध्यक्ष स्वाति जैन: सचिव

## तीर्थंकर अभिनंदन जी के गर्भ एवम निर्वाण महोत्सव मनाया



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर हीरा पथ मानसरोवर जयपुर में आज भगवान अभिनंदन जी के गर्भ एवम मोक्ष कल्याणक निर्वाण महोत्सव पर निर्वाण लाडू चढ़ाने का सौभाग्य कमल किशोर पंकज छाबड़ा परिवार के प्राप्त किया।इस मांगलिक अवसर पर समाज के श्रेष्टिगण ब्रह्मचारी दीपक राज ,शांति कुमार, देवेंद्र, पवन,राम लाल मौजूद रहे।

# आदिनाथ का पारणा उत्सव मनाया



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** दिगम्बर जैन महासमिति मानसरोवर संभाग के अध्यक्ष राजेन्द्र जैन साह एवं आशा साह के निवास पर भगवान आदिनाथ का पारणा उत्सव मनाया गया।इस अवसर पर मानसरोवर संभाग के अध्यक्ष राजेन्द्र जैन साह ने बताया कि राजस्थान अंचल के अध्यक्ष अनिल जैन आईपीएस रिटायर्ड, महामंत्री महावीर जैन बाकलीवाल, कोषाध्यक्ष रमेश सोगानी, कार्यध्यक्ष डा णमोकार जैन , लोकेश सोगानी, महीप जैन, दिलीप साह, ज्ञान चंद जैन, विनोद जैन श्रीमती मीना सेठी, श्रीमती रानी पाटनी के साथ काफी संख्या में श्रद्धालु इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। मंत्री सोभाग जैन ने बताया कि अक्षु रस के साथ 700 से ज्यादा श्रद्धालुओं ने इस पारणा उत्सव का भगवान आदिनाथ को याद किया। पधारे हुए सभी सम्माननीय महानुभावों का इक्षुरस के साथ अध्यक्ष राजेन्द्र जैन साह ने अपने निवास पर अल्पाहार कराया।

## जैन धर्म के चौथे तीर्थंकर भगवान अभिनन्दन नाथ का मोक्ष कल्याणक महोत्सव



### पूजा अर्चना के हुए विशेष आयोजन

**कोटखावदा. शाबाश इंडिया।** कस्बा स्थित श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर अतिशय क्षेत्र कोटखावदा में जैन धर्म के चौथे तीर्थंकर भगवान अभिनन्दन नाथ का मोक्ष कल्याणक महोत्सव बुधवार 26 अप्रैल को भक्ति भाव से मनाया गया वहीं मंदिर जी में पूजा अर्चना के विशेष आयोजन हुए मोक्ष का प्रतीक निर्वाण लाडू चढ़ाया गया प्रचार -प्रसार मंत्री अमन जैन कोटखावदा ने बताया कि प्रातः भगवान अभिनन्दन का अभिषेक, शांतिधारा के बाद पूजा अर्चना की गई पूजा के दौरान मोक्ष कल्याणक श्लोक का उच्चारण करते हुए अर्घ चढ़ाया गया राजस्थान जैन युवा महासभा के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि सायंकाल महाआरती के बाद भक्ति संध्या का आयोजन हुआ जिसमें जैन धर्मावलंबियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया इस अवसर पर समिति अध्यक्ष महावीर गंगवाल,महामंत्री दीपक वैद, पंकज वैद, चेतन जैन, राजेश वैद, दिनेश वैद आदि समाज बंधु उपस्थित रहे।


श्री राकेश - श्रीमति नीरा लुहाड़िया

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति के सम्मानीय सदस्य



की वैवाहिक वर्षगांठ (27 अप्रैल) पर

हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं

Happy Anniversary

शुभेच्छु

**अध्यक्ष:** राकेश-समता गोदिका,

**संरक्षक:** सुरेंद्र - मृदुला पांड्या, दर्शन - विनीता जैन, **परामर्शक:** दिनेश-संगीता गंगवाल

**कार्याध्यक्ष:** मनीष - शोभना लोंग्या, **सचिव:** अनिल - निशा संघी, **कोषाध्यक्ष:** अनिल - अनिता जैन

एवं समस्त सदस्य दिग. जैन सोशल ग्रुप सन्मति, जयपुर


## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।


सम्पादक: राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com